घी के नाम पर बड़ा धोखा! पाली में नकली घी बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश, नामी ब्रांड के पैकेट में जहर

पाली:- आप अपने घर में जो घी लेकर आते हैं, वह असली है या फिर नकली, इसकी पहचान करना हर किसी के बस की बात नहीं है. मगर पाली शहर में एक ऐसा खुलासा हुआ है, उसने लोगों को और भी ज्यादा हैरत में डाल दिया है. पाली पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जब एक मकान में दबिश दी, तो वहां पर विभिन्न प्रकार की नामी ब्रांड के घी के पैकेट, रेपर और घी बनाने की मशीन को बरामद करने में कामयाबी हासिल की है.

मिलावटी घी बनाने के शक में इन सभी को जब्त करने का काम पुलिस ने किया है. इस तरह की कार्यवाही के बाद हर कोई हैरत में है कि अब तक वह जो घी खा रहे हैं, क्या वह नकली तो नहीं है. सुमेरपुर के वीडी नगर में एक मकान में जब मिलावटी घी की सूचना मिली, तो पुलिस ने पहुंचकर कार्यवाही को अंजाम दिया. साथ ही एक युवक को हिरासत में लिया गया है, जिससे पूछताछ की जा रही है.

Source: https://hindi.news18.com/news/rajasthan/pali-famous-branded-company-selling-fake-ghee-packets-police-shocked-to-see-this-on-raid-local18-9042109.html